nt>

Title: Need to provide telephone connectivity in the rural areas of the country on priority basis.

**प्रो. रासा सिंह रावत (अजमेर) :** अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से एक अहम सवाल की ओर सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। हम लोग जब अपने संसदीय क्षेत्र में जाते हैं, तो लोग हमसे शिकायत करते हैं कि टेलीफोन विभाग में 6-7 साल पहले डिमान्ड दी गई थी, लेकिन आज तक टेलीफोन नहीं लगा है। टेलीफोन विभाग केन्द्रीय सरकार से संबंधित है और आप संसद में बैठते हैं, लेकिन आज तक हमें टेलीफोन नहीं मिला है। कई प्राइवेट कम्पनियों द्वारा टेलीफोन लगाने की व्यवस्था की गई है, वे मलाई खाने के लिए तैयार हैं, शहरों में टेलीफोन लगाने के लिए तैयार हैं, लेकिन गांवों में टेलीफोन लगाने की व्यवस्था नहीं कर रहे हैं। मैं आपके माध्यम से â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** आप लोग बैठिए।

...(व्यवधान)

**प्रो. रासा सिंह रावत :** अध्यक्ष महोदय, आप स्वयं संचार संबंधी स्टैंडिंग कमेटी के चेयरमैन थे। आपने कहा था कि राट्रीय दूरसंचार नीति 1994 और 1999 पर पुनर्विचार किया जाए। â€¦ (व्यवधान)

कमेटी में यह बात तय हुई थी कि गांवों के लोगों को प्राथमिकता के आधार पर टेलीफोन दिए जाएं। â€¦ (व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदयः** जल्दी करना चाहिए।

â€¦ (व्यवधान)

**प्रो. रासा सिंह रावत :** लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं हुई। मेरा अनुरोध है कि इस ओर ध्यान दिया जाए। â€¦ (व्यवधान)

MR. SPEAKER: You have raised a very important issue.

...(*Interruptions*)

MR. SPEAKER: Shri Madhusudan Mistry, please cooperate. I am trying to accommodate many more hon. Members than I ordinarily do. If you are brief, many hon. Members would be accommodated.